ENERGY FOR EVER
इरेडा
IREDA
ONCE IREDA ALWAYS IREDA
(A Navratna CPSE)

प्रेस विज्ञप्ति

इरेडा की तीसरी तिमाही परिणाम: शुद्ध लाभ में 37% की छलांग, ऋण संवितरण में 32% की वृद्धि

नई दिल्ली, 9 जनवरी 2026

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) ने आज, 31 दिसंबर 2025 को समाप्त तिमाही (वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही) के लिए अपनी लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों की घोषणा की, जिसमें वर्ष-दर-वर्ष के आधार पर वित्तीय मानकों में मजबूत वृद्धि दर्ज की गई है।

उद्योग जगत में अपनी अग्रणी स्थिति को और सुदृढ़ करते हुए, इरेडा द्वारा केवल 9 दिनों के भीतर अपनी लेखापरीक्षित तिमाही परिणाम प्रकाशित किए गए , जोकि दक्षता और पारदर्शिता के लिए एक नया मानक स्थापित किया जाता है। इन परिणामों को आज नई दिल्ली स्थित इरेडा के पंजीकृत कार्यालय में आयोजित बोर्ड की बैठक में मंजूरी दी गई।

इस तिमाही के दौरान ऋण बुक में बेहतर विस्तार, परिचालन से प्राप्त राजस्व में वृद्धि तथा मजबूत लाभप्रदता दर्ज की गई, जोकि इरेडा की रणनीतिक प्रभावशीलता और परिचालन मजबूती को दर्शाती है।

प्रमुख वित्तीय झलकियां – वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही बनाम वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही (स्टैंडअलोन):

- **कर पश्चात लाभ :** ₹585 करोड़ बनाम ₹425 करोड़ **(↑37%)**
- **ऋण संवितरण:** ₹9,860 करोड़ बनाम ₹7,449 करोड़ **(↑32%)**
- **ऋण बुक :** ₹87,975 करोड़ बनाम ₹68,960 करोड़ **(↑28%)**
- **नेट वर्थ :** ₹13,537 करोड़ बनाम ₹9,842 करोड़ **(↑38%)**
- **परिचालन से आय:** ₹2,140 करोड़ बनाम ₹1,699 करोड़ **(↑26%)**

इस तीसरी तिमाही के प्रदर्शन के बारे में संदेश देते हुए ,इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास ने कहा: "इस तिमाही में इरेडा का मजबूत वित्तीय प्रदर्शन भारत के नवीकरणीय ऊर्जा परिवर्तन को तेज़ करने की हमारी निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। ऋण संवितरण, नेट वर्थ और लाभप्रदता में हुई वृद्धि हमारे हितधारकों द्वारा इरेडा में किए गए विश्वास को रेखांकित करती है। हम नवोन्मेषी वित्तपोषण और जिम्मेदार विकास के माध्यम से देश के स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध बने रहेंगे।"

उन्होंने इरेडा टीम के समर्पित प्रयासों की भी सराहना की तथा माननीय केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री, माननीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री, एमएनआरई के सचिव एवं निदेशक मंडल को उनके निरंतर मार्गदर्शन और सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।